# M.A. (Part-I)
## HINDI
## *Modern Prose*
**(Paper – I) (OCT-16)**

QP Code : **67326**

(3 घंटे) (कुल अंक : १००)

सूचना : (१) प्रथम एवं अंतिम प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **चार** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए – ४०

(क) इस गतिशील जगत् में परिवर्तन पर आश्चर्य? परिवर्तन रुका कि महापरिवर्तन –प्रलय – हुआ? परिवर्तन ही सृष्टि है, जीवन हैं। स्थिर होना मृत्यु है निश्चेष्ट–शान्ति मरण है।

(ख) धर्मग्रन्थों में मनुष्य के बहुत से गुण गिनाए गए हैं, पर कहा है, कर्तव्यपालन सबसे बड़ा गुण है। जो मनुष्य कर्तव्य परायण है, वही सच्चा साधक है। अपने माता–पिता के प्रति कर्तव्य, अपने गुरु के प्रति कर्तव्य, अपने धर्म के प्रति कर्तव्य, इसी को सच्ची साधना कहते हैं।

(ग) लिखते तो वह लोग हैं, जिनके अन्दर कुछ दर्द है, अनुराग है, लगन है, विचार है। जिन्होंने धन और भोग–विलास को जीवन का लक्ष्य बना लिया, वह क्या लिखेंगे?

(घ) बाघ की दहाड़, कठफोड़वे की 'ठक–ठक' और पेट से हवा निकालते सियारों की जबड़े फाड़कर 'हुआँ–हुआँ' करती अपशकुनी आवाजें –कई–कई बिन्दुओं पर झूल रही थीं। यह मायाविनी रात। इसमें कौन सच था, कौन झूठ, कौन स्वप्न था, कौन यथार्थ?

(च) "आपके बारे में मुझसे कोई भी बुरा नहीं कहता। लोग जानते हैं कि आपके कानों के घूरे में इस तरह का कचरा मज़े में डाला जा सकता है।"

(छ) उस उद्धार के फलस्वरूप आनन्द, उल्लास, गौरव कहाँ होंगे? कहाँ होगी व्यथा, प्रज्वलन, पशुता का ताण्डव। जहाँ स्वतंत्रता का उद्दाम आह्वान होना चाहिए, वहाँ क्या होगा?

२. 'स्कन्दगुप्त' नाटक के आधार पर स्कन्दगुप्त के चरित्र का मूल्यांकन कीजिए। १०

३. 'माधवी'नाटक एक नारी की त्रासदी की व्यथा कथा है।' इस कथन पर प्रकाश डालिए। १०

४. 'गोदान'उपन्यास की समस्या और उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। १०

५. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास का मूल्यांकन औपन्यासिक तत्वों के आधार पर कीजिए। १०

६. 'साहब महत्वाकांक्षी' निबंध का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए। १०

७. 'चीफ की दावत' कहानी एक मार्मिक भाव-कथा है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए। १०

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०

(१) 'स्कंदगुप्त' नाटक में कुमारगुप्त कौन है?
(२) माधवी किसकी पुत्री है?
(३) गालव कौन है?
(४) धनिया किसकी पत्नी है?
(५) राय साहब के यहाँ रामलीला में होरी किसकी भूमिका निभाता है?
(६) होरी अवध के किस प्रान्त में रहता है?
(७) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास किस समस्या पर आधारित है?
(८) ईमानदार को किससे डर लगता है?
(९) वैष्णव ने धर्म को किससे जोड़ा?
(१०) 'गुण्डा' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(आ) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - १०

(१) 'स्कंदगुप्त' में किस काल की कथा वर्णित है?
(क) मुगलकाल (ख) आदिकाल
(ग) गुप्तकाल (घ) भक्तिकाल

(२) 'स्कंदगुप्त' नाटक में मातृगुप्त कौन है?
(क) सेनापति (ख) मंत्री
(ग) कवि (घ) रक्षक

(३) भीष्म साहनी की कौन सी कृति नहीं है?
(क) कबिरा खड़ा बाजार में (ख) मुआवजे
(ग) हानूश (घ) तितली

(४) पंडित ओंकार नाथ किस दैनिक पत्र के सम्पादक हैं?
(क) आज (ख) मतवाला
(ग) बिजली (घ) तूफान

(५) गोबर किसका पुत्र है?
(क) मातादीन (ख) भोला
(ग) होरी (घ) रायसाहब

(६) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास के केन्द्र में कौन सा क्षेत्र है?
(क) उत्तरी उत्तर प्रदेश (ख) पूर्व मध्यप्रदेश
(ग) पश्चिमी चम्पारण (घ) बिहार दक्षिण

(७) कुमार को किस जोखिम भरे अभियान के लिए चुना गया था?
(क) भ्रष्टाचार का अंत (ख) दंगों का अंत
(ग) डकैती का अंत (घ) आतंकवाद का अंत

(८) हनुमान जी को कितने साल की सजा न्यायधीश ने सुनाई?
(क) पांच साल (ख) एक साल
(ग) तीन साल (घ) दो साल

(९) 'अकाल उत्सव' में अकाल के लिए किसकी पूजा होती है?
(क) कृष्ण (ख) विष्णु
(ग) शिव (घ) इंद्र

(१०) मनोहर किस कहानी का पात्र है?
(क) जूते (ख) चीफ की दावत
(ग) ऊँचाई (घ) गुण्डा

----------

**M.A. (Part-I)**
**HINDI**
***History of Hindi Literature***
**(Paper – III) (OCT-16)**

Q.P. Code : **67393**

( ३ घंटे ) (कुल अंक : १००

**सूचना :** (१) आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है ।
(२) शेष प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** के उत्तर लिखिए ।

१. हिंदी साहित्य के इतिहास-लेखन की परंपरा संक्षेप में बताते हुए इसके पुनर्लेखन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए । १६

२. सिद्ध और नाथ साहित्य की विशेषताएँ लिखिए । १६

३. संतकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए । १६

४. रीति काव्य की विशेषताओं का परिचय दीजिए । १६

५. भारतेंदु युगीन हिंदी कविता की प्रमुख विशेषताएँ बताइए । १६

६. प्रगतिवादी काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । १६

७. हिंदी कहानी का विकासक्रम समझाइए । १६

८. (क) निम्नलिखित विषयों में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । १०
(अ) आधुनिक हिंदी साहित्य के काल-विभाजन एवं नामकरण की समस्याएँ
(ब) भक्ति-आंदोलन का स्वरूप विकास
(क) हिंदी आत्मकथा साहित्य
(ड) साठोत्तरी कविता

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य** में लिखिए – ५
(अ) 'दोहाकोश' किसकी रचना है?
(ब) नाथ साहित्य का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?
(क) 'असाध्य वीणा' किसकी लम्बी कविता है?
(ड) 'कोणार्क' नाटक के लेखक का नाम लिखिए ।
(इ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस विधा की रचना है?

TURN OVER

(ग) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – ५

(अ) 'नयी कविता' पत्रिका के संपादक कौन थे?

(१) जगदीश गुप्त (२) रघुवीर सहाय
(३) अज्ञेय (४) धर्मवीर भारती

(ब) इनमें से किस कवि को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला है?

(१) नरेश मेहता (२) कुँवर नारायण
(३) नागार्जुन (४) अज्ञेय

(क) इनमें से कौन–सा उपन्यास प्रेमचंद का नहीं है?

(१) कायाकल्प (२) सेवासदन
(३) चित्रलेखा (४) प्रेमाश्रम

(ड) मधुमालती किसकी रचना है?

(१) दाऊद (२) कुतुबन
(३) मंझन (४) घनानंद

(इ) 'संतन को कहा सीकरी सों काम' किसकी लिखी पंक्ति है?

(१) कुंभनदास (२) सूरदास
(३) नन्ददास (४) नाभादास

---

M.A. (Part-I)
HINDI
Old & Medieval Poetry
(Paper – V) (OCT-16)

QP Code : 67545

( 3 घंटे) (कुल अंक : १००

सूचना : (१) पहला एवं **आठवाँ** प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं चार की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए– ४०

(क) लोचन धाए फेधाएल, हरि नहि आएल रे।
सिब-सिब जिबओ न जाए, आस अरुझाएल रे।।
मन करि तहाँ उड़ि जाइअ, जहाँ हरि पाइअ रे।
पेम-परसमनि जानि, आनि उर लाइअ रे।।
सपनहु संगम पाओल, रंग बढ़ाओल रे।
से मोर बिहि बिघटाओल, निंदओ हेराएल रे।।

(ख) नैनों की करि कोठरी, पुतरी पलंग बिछाय।
पलकों की चिक डारि कै, पिय को लिया रिझाय।।
प्रीतम को पतिया लिखूँ, जो कहूँ होय विदेस।
तन में मन में नैन में, ताकौ कहा सँदेस।।

(ग) धरतिहि जैस गगन सौं नेहा। पलटि आव बरषा ऋतु मेहा।।
पुनि बसंत ऋतु आव नवेली। सो रस, सो मधुकर सो बेली।।
जिनि अस जीव करसि तू बारी। यह तरिवर पुनि उठिहिं सँवारी।
दिन दस बिनु जल सूखि बिधंसा। पुनि सोइ सरवर सोई हंसा।।

(घ) हमको हरि की कथा सुनाव।
अपनी ज्ञानकथा हे ऊधो! मथुरा ही लै जाय।
नागरि नारि भले बूझैंगी अपने बचन सुभाव।।
पा लागौं, इन बातनि, रे अलि! उनही जाय रिझाव।।
सुनि, प्रियसखा स्यामसुंदर के जो पै जिय सति भाव।।
हरिमुख अति आरत इन नयननि बारक बहुरि दिखाव।।

(ङ) छूटइ मल कि मलहि के धोएँ । घृत कि पाव कोइ बारि बिलोएँ।।
प्रेम भगति जल बिनु रघुराई। अभिअंतर मल कबहुँ न जाई।।
सोइ सर्बग्य तग्य सोइ पंडित । सोइ गुन गृह बिग्यान अखंडित।।
दच्छ सकल लच्छन जुत सोई। जाकें पद सरोज रति होई।।

(च) या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहिं कोइ।
ज्यौं ज्यौं बूड़ै स्याम रँग त्यौं-त्यौं उज्जलु होइ।।
मोहन-मूरति स्याम की अति अद्‌भुत गति जोइ।
बसतु सु चित-अंतर, तऊ प्रतिबिंबित जग होइ।।

२. विद्यापति पदावली में शृंगार रस का चित्रण किस तरह हुआ है, स्पष्ट कीजिए। १०

३. कबीर की भक्ति-भावना का सोदाहरण विवेचन कीजिए। १०

४. 'जायसी ने नागमती का विरह-वर्णन मार्मिक ढंग से किया है' इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए। १०

५. 'सूरदास ने गोपियों के विरह को मार्मिक अभिव्यक्ति दी है।' इस कथन को प्रमाणित कीजिए। १०

६. तुलसी की समन्वय-भावना पर प्रकाश डालिए। १०

७. बिहारी ने वियोग श्रृंगार का वर्णन किस तरह किया है? १०

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए - १०

(i) विद्यापति पदावली के पहले पद में किसकी वंदना की गई है?
(ii) माधव-माधव रटते हुए राधा क्या बन जाती हैं?
(iii) कबीर के अनुसार मालन को आता देखकर कलियों ने क्या पुकार की?
(iv) कबीर की चुनरी कितने तत्त्वों से बनी थी?
(v) जायसी ने सिंहल को किसका प्रतीक कहा है?
(vi) पद्‌मावती और सखियों के मानसरोवर में क्रीड़ा करते समय क्या गायब हो गया था?
(vii) गोपियों के अनुसार जोग ठगौरी कहाँ नहीं बिकेगी?
(viii) सूरदास के गुरु कौन थे?
(ix) तुलसीदास ने कलियुग का वर्णन किस कांड में किया है?
(x) बिहारी ने अपनी भवबाधा हरने का अनुरोध किससे किया है?

(आ) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - १०

(i) विद्यापति ने गंगा -स्तुति में जन्म कृतार्थ कब माना है?
(क) गंगा दर्शन से (ख) गंगा स्नान से
(ग) गंगा भक्ति से (घ) गंगा किनारे जप तप से

(ii) इनमें से कौन सी रचना विद्यापति की है?

(क) कीर्तिलता (ख) लिखनावली

(ग) कीर्ति पताका (घ) उपर्युक्त सभी

(iii) कबीर ने कागद की पुड़िया किसे कहा है?

(क) जीवन (ख) जीव

(ग) माया (घ) संसार

(iv) जायसी ने तन का प्रतीक किसे माना है?

(क) रत्नसेन (ख) चित्तौर

(ग) सिंहल (घ) नागमती

(v) पद्मावत में देवपाल कहाँ का राजा बताया गया है?

(क) सिंहल (ख) चित्तौर

(ग) दिल्ली (घ) कुंभलनेर

(vi) सूरदास ने भ्रमरगीत में किसका वर्णन किया है?

(क) विप्रलंभ श्रृंगार (ख) उपालंभ

(ग) वक्रोक्ति (घ) उपर्युक्त सभी

(vii) गोपियों के अनुसार योग साधना करनेवाले कहाँ बसते हैं?

(क) ब्रज (ख) योगपुर काशी

(ग) वृंदावन (घ) तपोवन

(viii) इनमें से किसका संबंध तुलसीदास से नहीं है?

(क) विशिष्टाद्वैतवाद (ख) समन्वयवाद

(ग) अद्वैतवाद (घ) नवधा भक्ति

(ix) बिहारी रत्नाकर में कुल कितने दोहे संकलित हैं?

(क) ७१० (ख) ७१३

(ग) ७१७ (घ) ७१९

(x) दीन रट में टेरने पर भी कौन बिहारी की सहायता नहीं करता?

(क) राधा (ख) श्याम

(ग) राजा जयसिंह (घ) सखी

------------

**M.A. (Part-I)**
**HINDI**
***Functional Hindi***
**(Paper – VII) (OCT-16)**

**QP Code : 67662**

( ३ घंटे ) (कुल अंक : १००

**सूचना :** (१) प्रथम **सात प्रश्नों** में से **किन्हीं पाँच** के उत्तर लिखिए ।
(२) **आठवाँ** प्रश्न **अनिवार्य** है ।

१. प्रयोजन मूलक हिन्दी की अवधारणा एवं स्वरूप पर प्रकाश डालिए । १६

२. संविधान में अनुच्छेद ३४३ से ३५१ के अनुच्छेदों में उल्लिखित भाषा–व्यवस्था पर प्रकाश डालिए। १६

३. विदेशों में हिन्दी पत्रकारिता के विकास पर चर्चा कीजिए । १६

४. राजभाषा नीति संबंधी सरकारी संकल्पना की विवेचना कीजिए । १६

५. रेडिओ और टेलीविज़न में हिन्दी के प्रयोग की समीक्षात्मक विवेचना कीजिए । १६

६. विज्ञापन और बाजार के अन्तर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए विज्ञापन के महत्त्व को सिध्द कीजिए। १६

७. अनुवाद की मूलभूत समस्याओं पर प्रकाश डालिए । १६

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य** में लिखिए । १०
(१) प्रयोजनमूलक भाषा किसे कहते है?
(२) 'हिन्दुस्तानी' नाम किसने दिया था?
(३) हिन्दी भाषा को राजभाषा के रूप में कब मान्यता प्राप्त हुई?
(४) 'हिन्दुस्तानी प्रचार सभा' का मुख्य कार्यालय कहाँ स्थित है?
(५) भारतीय संविधान कब लागू हुआ?
(६) रेडियो किस प्रकार का जनसंचार माध्यम है?
(७) अनुवाद की सफलता किस पर निर्भर करती है?
(८) विज्ञापन में सर्वाधिक किसका ध्यान रखा जाता है?
(९) भावानुवाद से क्या तात्पर्य है?
(१०) 'हंस' पत्रिका का संपादक कौन है?

(ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । १०
(क) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई?
(१) ४ जनवरी, १८०० (२) १४ मई, १८००
(३) १३ सितम्बर, १८०० (४) ४ मई, १८००

(ख) 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' की स्थापना कब हुई?

(१) १९०६ (२) १९१०

(३) १९१८ (४) १९५६

(ग) प्रयोजनमूलक हिन्दी को कुछ विद्वान यह भी नाम देते हैं?

(१) साहित्यिक हिन्दी (२) बाजारू हिन्दी

(३) कामकाजी हिन्दी (४) आलंकारिक हिन्दी

(घ) आमआदमी द्वारा बोली जानेवाली भाषा को क्या कहते हैं?

(१) राजभाषा (२) जनभाषा

(३) बाजारू भाषा (४) साहित्यिक भाषा

(ङ) 'समाचार भारती' नामक समाचार एजेंसी की स्थापना कब हुई थी?

(१) १९५० (२) १९५४

(३) १९६४ (४) १९६५

(च) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किस भाषा को सम्पर्क भाषा का गौरव प्राप्त है?

(१) हिन्दी (२) रूसी

(३) जापानी (४) अंग्रेजी

(छ) 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' का मुख्य कार्यालय कहाँ है?

(१) मद्रास (२) हैदराबाद

(३) अहमदाबाद (४) विजयनगर

(ज) विज्ञापन में कौन महत्त्वपूर्ण होता है?

(१) क्रेता (२) विक्रेता

(३) उत्पादक (४) संचार माध्यम

(झ) अनुवाद एक प्रक्रिया है

(१) मनोरंजक (२) दूरगामी

(३) स्वतंत्र (४) संश्लिष्ट

(त्र) अनुवाद के क्षेत्र में भाषा संरचना के जनक कौन थे?

(१) नाइडा (२) कैटफार्ड

(३) कासाग्रांदे (४) बायगेट

---